( राजस्थान—सरकार )

## न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी सत्यनारायण आमेटा (आर.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या :— 24/2022**
**रजिस्ट्रेशन सं0 :— 2022/96**

**बउनवान**

सरकार जरिये थानाधिकारी पुलिस थाना मांगरोल जरिये जिला पुलिस अधीक्षक महोदय बारॉ
(सायल)

**बनाम**

आनन्दीलाल पुत्र जवाहरलाल जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला, मांगरोल जिला बाराँ
(गैरसायल)

**इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा—3**

उपस्थिति :— 1— अभियोजन अधिकारी (सायल)
2— स्वयं उपस्थित (गैरसायल)

**निर्णय दिनांक 16.08.2022**

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल आनन्दीलाल पुत्र जवाहरलाल जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला, मांगरोल जिला बारॉ के विरूद्ध जिला पुलिस अधीक्षक, बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा—3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना मांगरोल जिला बाराँ ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना मांगरोल जिला बाराँ क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। गैरसायल जुआ एक्ट के अपराधों का आदि है। इसके विरूद्व पुलिस थाना मांगरोल में वर्ष 2007 से वर्ष 2021 में कुल 05 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(04) एवं एक्साईज एक्ट(01) के तहत दर्ज हुए है जिनमें सभी प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समाजकंटक के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसको जिले की सीमा से निष्कासित किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan Ameta
Date: 2023.01.17 11:42:38 IST
Reason: SelfAttested

इस प्रकार गैरसायल द्वारा अपराधिक कार्य किये जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता में भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसायल समस्त प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। यह गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा—3 के तहत कार्यवाही की जावे। इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर, उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा—3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश चाहे गये।

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 04.04.2022 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओं को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया तथा गैरसायल की जरिये सम्मन तलबी की गई। गैरसायल द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रकरण में जवाब प्रस्तुत नहीं कर, प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु निवेदन किये जाने पर, प्रकरण में गैरसायल का जवाब बन्द किया जाकर उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई।

**दौराने बहस अभियोजन अधिकारी सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि** गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना मांगरोल में वर्ष 2007 से वर्ष 2021 में कुल 05 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(04) एवं एक्साईज एक्ट(01) के तहत दर्ज हुए है जिनमें सभी प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समाजकंटक के विरूद्व राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसको जिले की सीमा से निष्कासन किया जावे।

**इसके विपरीत गैरसायल द्वारा दौराने बहस** कहा गया कि मेरे विरूद्व पुलिस थाना मांगरोल में वर्ष 2007 से वर्ष 2021 में कुल 05 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(04) एवं एक्साईज एक्ट(01) के तहत दर्ज हुए है। उक्त सभी प्रकरणों का न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। वर्तमान में कोई नया केस मेरे विरूद्व थाने में दर्ज नहीं हुआ है। मैं एक गरीब व्यक्ति हूँ। वर्तमान मे मजदूरी करके शांति पूर्वक अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूँ। मेरे विरूद्व पुलिस थाना, मांगरोल जिला बारॉं द्वारा गुण्डा एक्ट की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है जिसे खारिज किये जाने हेतु निवेदन किया गया।

**प्रकरण मे अभियोजन अधिकारी पक्ष सरकार एवं गैरसायल** की बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखों का अवलोकन किया जाकर, मनन किया गया। गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना मांगरोल में वर्ष 2007 से वर्ष 2021 में कुल 05 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ(04) एवं एक्साईज एक्ट(01) के तहत दर्ज हुए है जिनमें सभी प्रकरणों में गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों के अनुसार यह साबित होता है कि आनन्दीलाल पुत्र जवाहरलाल जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला, मांगरोल जिला बारॉ द्वारा उक्त अपराध किए गए है जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) की परिभाषा में आना पूर्णतया सिद्व है क्योंकि धारा 2(आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल को सभी प्रकरणों में न्यायालय से सजायाब किया जा चुका है।

अतः गैरसायल आनन्दीलाल पुत्र जवाहरलाल जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला, मांगरोल जिला बारॉ को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूँ तथा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 (3) (क) के प्रावधानों के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना क्षेत्र, मांगरोल जिला बारॉं से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूँ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan Ameta
Date: 2023.01.17 11:42:38 IST
Reason: SelfAttested

गैरसायल आनन्दीलाल पुत्र जवाहरलाल जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला, मांगरोल जिला बारॉ को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना मांगरोल क्षेत्र से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि में अपनी उपस्थिति प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना, सीसवाली जिला बारॉ को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नहीं करेगा जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात् इस अवधि में पूर्ण सच्चरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा।

गैरसायल के विरूद्व यह आदेश दिनांक 01.09.2022 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ को दी जावें। थानाधिकारी पुलिस थाना मांगरोल, जिला बारॉ को तहरीर दी जावे जिसमें यह लिखा जावें कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना मांगरोल जिला बारॉ क्षेत्र से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ के सुपुर्द कर पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक **16.08.2022** को सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

( सत्यनारायण आमेटा )
अति0 जिला मजिस्ट्रेट,
बारॉ

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan Ameta
Date: 2023.01.17 11:42:38 IST
Reason: SelfAttested